संसद के मानसून सत्र से पहले बड़ी रणनीति, भाजपा कुछ और दलों को जोड़ सकती है अपने साथ

विपक्षी एकता के जवाब को राजग तैयार

सियासत

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को लेकर बनाए जा रहे माहौल के जवाब में भाजपा भी ज्यादा मजबूत एकता के साथ राजग की बड़ी बैठक कर सकती है। इसका खाका जल्द तैयार करने की संभावना है। राजग में अभी छोटे-बड़े 30 दल शामिल हैं, जिनमें 17 दलों का संसद में प्रतिनिधित्व है। राजग के विस्तार के लिए भाजपा कुछ और दलों को अपने साथ जोड़ सकती है।

भाजपा ने सक्रियता दिखाई : संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्ष बेंगलुरु में अपनी एकजुटता को लेकर बड़ी बैठक करने जा रहा है। इसमें 24 दलों के शामिल होने की संभावना है। इससे पहले पटना बैठक में 15 विपक्षी दल शामिल हुए थे। इस बीच, भाजपा ने भी राजग को लेकर सक्रियता दिखाई है। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष की ओर से भावी एकता व गठबंधन की कोशिशों से बनने वाले माहौल को ध्वस्त करने के लिए राजग की भी बड़ी बैठक हो सकती है। हालांकि, संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को राजग के संसदीय दल के नेताओं की बैठक होनी है। इससे पहले 18 जुलाई को राजग नेताओं की बैठक बुलाए जाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है।

अभी से माहौल को अपने पक्ष में करने की कोशिश : देश की राजनीति अब पूरी तरह से लोकसभा चुनाव की भावी रणनीति पर केंद्रित है। भाजपा की कोशिश अभी से पूरे माहौल को अपने पक्ष में करने की है। भाजपा उन संभावनाओं को खत्म कर देना चाहती है कि विपक्षी एकता की कवायद से उसे किसी तरह का नुकसान पहुंचे। यही वजह है कि वह विपक्ष की कोशिशों को परवान चढ़ने से पहले ही माहौल पर हावी होना चाहती है। राजग में अभी भाजपा के अलावा दूसरी बड़ी पार्टी शिवसेना का शिंदे गुट है, जिसके पास सांसदों का आंकड़ा दहाई में है। बाकी सभी सहयोगी दलों के पास दस से कम सांसद हैं।

राजग के इन दलों का संसद में प्रतिनिधित्व

राजग में शामिल दलों में अब एनसीपी का अजित पवार गुट भी है। राजग के जिन दलों का संसद में प्रतिनिधित्व है, उनमें भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट), अपना दल, एनपीपी, एनडीपीपी, एनसीपी (अजित पवार गुट), आजसू, एसकेएम, एमएनएफ, एनपीएफ, एआईएडीएमके, आरपीआई (ए), अगप, पीएमके, टीएमसी (एम) व यूपीपीएल शामिल हैं।

इन नेताओं से संपर्क होने की चर्चाएं

सूत्रों के अनुसार, भाजपा का अंदरूनी तौर पर जिन दलों के नेताओं से संपर्क होने की चर्चाएं हैं, उनमें चिराग पासवान, ओम प्रकाश राजभर, सुखबीर बादल, जंयत चौधरी, मुकेश सहनी, उपेंद्र कुशवाहा, नागमणि और चंद्रबाबू नायडू के नाम शामिल हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी इन दलों या भाजपा की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

कमजोर और हारी हुई सीटों को लेकर नड्डा ने किया मंथन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भाजपा की लोकसभा चुनावों की रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा हारी हुई और कमजोर लगभग 160 सीटों पर पार्टी के अब तक काम की भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने समीक्षा की है। बैठक में इन सीटों का जिम्मा संभाल रहे पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। भाजपा इन सीटों में कम से कम आधी सीटें जीतने की कोशिश कर रही है।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा की गई है। भाजपा मुख्यालय में हुई यह बैठक लगभग पांच घंटे चली। पार्टी के इस मिशन 160 के लिए बनाई गई टीम के प्रमुख नेता पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने अभी तक की प्रगति, विभिन्न नेताओं के प्रवास, जनसंपर्क, सम्मेलन संवाद आदि से जुड़े कार्यक्रमों का ब्यौरा रखा। गौरतलब है कि भाजपा ने बीते साल इन सीटों के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य लगभग 160 लोकसभा सीटों पर अपनी संभावनाओं को मजबूत करना था। इनमें से अधिकांश सीटों पर 2019 में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने 2019 में 543 लोकसभा सीटों में से 303 पर जीत दर्ज की थी। इन निर्वाचन क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि की कुछ ऐसी सीटें भी शामिल हैं, जहां भाजपा ने मामूली अंतर से जीत दर्ज की थी।

आरोप कांग्रेस की साजिश : बृजभूषण

नई दिल्ली। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि उनके खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोप कांग्रेस की साजिश का नतीजा हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का उनकी गिरफ्तारी और पद से हटाने की मांग वाला ट्वीट 'देश को गुमराह करने की साजिश' है।

भाजपा सांसद ने कहा कि कानून पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर किसी को अपराधी नहीं मानता, यह अदालत का अधिकार है।

अयोग्यता मामले में कैवियट दाखिल की

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांगेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में शिकायतकर्ता गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट अर्जी दाखिल की है।

अर्जी में उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट में गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करते है तो उनका पक्ष भी सुना जाए और बिना उनके पक्ष को सुने कोई आदेश जारी न किया जाए।

देश 30s

बालासोर हादसे में रेलवे के सात कर्मी निलंबित

भुवनेश्वर। ओडिशा में बालासोर ट्रेन हादसे में रेलवे ने कार्रवाई की है। कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में रेलवे के सात कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा, अगर अधिकारी सतर्क होते तो दुर्घटना को टाला जा सकता था। मिश्रा ने दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा, रेलवे ने अब तक सात कर्मियों को निलंबित किया है, जिनमें वे तीन कर्मचारी भी शामिल हैं, जिन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

भारत शक्तिशाली देशों में से एक: अनुराग

लेह। भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है। यहां के रक्षा बलों को एक मजबूत सरकार का समर्थन प्राप्त है। ये बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कही। वह लद्दाख के करजोक गांव में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत को एक मजबूत और बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

सीबीआई ने अभियोजन मंजूरी के लिए समय मांगा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को सूचित किया कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और कुछ रेलवे अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन मंजूरी प्राप्त करने में एक महीने का समय लगेगा। नौकरी के बदले जमीन मामले में नई चार्जशीट दायर की गई है। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने सीबीआई की दलीलों पर गौर करते हुए दलीलें 8 अगस्त के लिए टाल दीं।

दुष्कर्म पीड़िताओं की मां ने हाईकोर्ट का रुख किया

कोच्चि। वालयार दुष्कर्म मामले में पीड़िताओं की मां ने पूर्व जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए केरल हाईकोर्ट का रुख किया है। याचिकाकर्ता ने पूर्व जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। अदालत ने बुधवार को मामले में सुनवाई 20 जुलाई तक स्थगित कर दी और मामले में सहायता के लिए एक न्यायमित्र की नियुक्ति भी की।

आंबेडकर यूसीसी के समर्थक थे: अठावले

अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को कहा कि यूसीसी मुसलमानों या आदिवासी समुदाय के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। डॉ. भीम राव आंबेडकर यूसीसी के समर्थन में थे, और धार्मिक सद्भाव के लिए इसकी आवश्यकता है। मंत्री ने आरोप लगाया, कांग्रेस यह दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा और इसकी सरकार संविधान को बदल देगी।

कांग्रेस ने रणनीति बनाने के लिए बैठक बुलाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद के आगामी मानसून सत्र में अपनी रणनीति पर चर्चा के लिए 15 जुलाई को पार्टी के संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक बुलाई है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। यह बैठक सोनिया गांधी के आवास दस जनपथ पर होगी। इस दौरान संसद के आगामी सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों और इन पर सरकार को घेरने की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बिजली की उपलब्धता दोगुनी की : आरके सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में बिजली की उपलब्धता को लेकर बड़ा परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 2014 में एक दिन में बिजली की उपलब्धता साढ़े 12 घंटे थी वहीं जो अब साढ़े 22 घंटे हो गया है। पूरे देश के शहरी क्षेत्रों में रोजाना बिजली उपलब्धता का औसत साढ़े 23 घंटे है।

पूर्व नौसेना कमांडर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी और नौसेना के पूर्व कमांडर आशीष पाठक के खिलाफ बुधवार को आरोपपत्र दाखिल किया। इन पर रक्षा संबंधी संवेदनशील जानकारी कथित तौर पर गुप्त रूप से हासिल करने और उसे विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है।

जेसंग भाई और केसरी गुजरात से भाजपा प्रत्याशी

राज्यसभा चुनाव

- दोनों नेताओं ने अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया
- पार्टी ने पश्चिम बंगाल से अनंत महाराज को मैदान में उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी । भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए गुजरात से बाबूभाई जेसंग भाई देसाई और केसरी देवसिंह जाला को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, पश्चिम बंगाल से अनंत महाराज को मैदान में उतारा है।

भाजपा की ओर से बुधवार को इन दोनों नेताओं के नाम का ऐलान किया गया। इसके बाद दोनों ने अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल भी मौजूद रहे। गुजरात में राज्यसभा की 11 सीटों में से वर्तमान में आठ सीट भाजपा और तीन सीट कांग्रेस के पास है। भाजपा के पास सीटों में से विदेश मंत्री एस. जयशंकर और जुगलजी ठाकोर व दिनेश अनावाडिया का कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। इन तीन सीट के लिए ही चुनाव होना है। एस. जयशंकर अपनी सीट पर पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

बंगाल में छह राज्यसभा सीट के लिए चुनाव होने हैं। राज्य में सत्ताधारी तृणमूल इन सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

राहुल संग एकजुटता दिखाने को सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसियां। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए पार्टी नेताओं ने बुधवार को कई राज्यों में मौन सत्याग्रह किया। इस दौरान राहुल की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने का भी विरोध किया गया। राजस्थान में कांग्रेस के संगठन प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा विपक्षी नेताओं की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

राजस्थान में कांग्रेस नेताओं ने जयपुर स्थित शहीद स्मारक परिसर में मौन सत्याग्रह किया। इस मौके पर पार्टी नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा और सचिन पायलट समेत कई नेता मौजूद रहे। बाद में रंधावा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा राहुल गांधी का संसद में तो बोलना बंद कर सकती है, लेकिन इससे उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में सामने आ चुका है। आगे आने वाले चुनावों में भी इसी तरह के नतीजे देखने को मिलेंगे।



बेंगलुरु में बुधवार को कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार सहित मंत्रियों और विधायकों ने मौन प्रदर्शन किया। ● एएनआई

पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी को राजनीतिक आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। मगर, पार्टी के नेता व कार्यकर्ता इसके खिलाफ जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से आज देश में जिस तरह का माहौल बनाया जा है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

वहीं, कोलकाता में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रभारी अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने बांहों पर काली पट्टियां बांधकर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने महंगाई पर केंद्र को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महंगाई के मुद्दे को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता को आज सरकार के वक्तव्य की नहीं, बल्कि कर्तव्य पालन की जरूरत है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्विटर पर मसलों सहित कुछ अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों का उल्लेख करते हुए कहा कि महंगाई से आम लोग त्रस्त हैं। जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से महंगाई पर काबू पाने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सरकार कर्तव्य से मुंह फेर रही है। खड़गे ने खाद्य वस्तुओं की जुलाई में कीमतों से तुलना करते हुए एक चार्ट भी ट्विटर पर साझा किया।

भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

जैन मुनि हत्या

बेंगलुरु, एजेंसी। बेलगावी में जैन मुनि की निर्मम हत्या के खिलाफ विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने यहां विधान सौध (विधानसभा) में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने राजभवन की ओर मार्च निकाला और राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपा। हालांकि कर्नाटक सरकार ने हत्या की सीबीआई जांच से इनकार कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास बैठकर राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकालकर राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने उनसे राज्य में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए सरकार को उचित दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

कर्नाटक अपराधियों की पनाहगाह : राजीव चंद्रशेखर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने जैन मुनि की हत्या को लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को दावा किया कि यह दक्षिणी राज्य सांप्रदायिक तत्वों और अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य चंद्रशेखर ने दावा किया कि भाजपा के लगातार विरोध के बाद ही राज्य पुलिस इस मामले में हरकत में आई।

डोमिसाइल नीति लागू क्यों नहीं: राजीव रंजन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। जद (यू) के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता राजीव रंजन ने डोमिसाइल नीति के मामले को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर भाजपा बिहार में लोगों को गुमराह कर रही है। साथ ही सवाल किया कि अगर यह नीति इतनी जरूरी है तो भाजपा शासित राज्यों में इसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। जद (यू) नेता राजीव रंजन ने बुधवार को यहां कहा कि यदि डोमिसाइल नीति संविधान सम्मत और युवाओं के हित में है तो केंद्र सरकार को संसद में इस पर विधेयक लाना चाहिए।

CENTRAL U.P. GAS LIMITED
CUGL
NOTICE INVITING TENDER
(OPEN DOMESTIC COMPETITIVE BIDDING)

Central U.P. Gas Ltd. (CUGL) invites bids from eligible bidders for the **Procurement of 5000 SCMH, Twin Stream Canopied DRS with USM for Kanpur, Bareilly and Jhansi.** The details of the tender are available on CUGL's website **www.cugl.co.in** Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension, etc. to the above tender will be hosted on the website **www.cugl.co.in** only and no separate notification shall be issued in the press. Bidders are requested to visit the website regularly to keep themselves updated.

देश में यूसीसी को लागू करना विभाजनकारी होगा : द्रमुक

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के प्रस्ताव पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई। द्रमुक ने विधि आयोग को सौंपी गई अपनी दलील में कहा कि यूसीसी विभाजनकारी है और यह शांति व सद्भाव में खलल डालेगी।

द्रमुक महासचिव दुरईमुरुगन ने विधि आयोग को लिखे पत्र में कहा कि देश की सुंदरता हमेशा इसकी विविधता में रही है। राजनीतिक लाभ के लिए यूसीसी जैसे विभाजनकारी कानून तमिलनाडु में धार्मिक समूहों के बीच शांति और सद्भाव को बिगाड़ देगा। ऐसे में यह जनता के लिए सही नहीं है। सभी धर्मों के लिए समान नागरिक संहिता से पहले हमें जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए एक समान जाति कोड की आवश्यकता है। जातीय या धार्मिक समूहों के बीच संघर्ष से मणिपुर की तरह लोग भयानक हिंसा के शिकार होते रहेंगे। द्रमुक ने कहा कि सभी नागरिकों के अधिकारों पर यूसीसी का व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा और इसका राज्य में कानून व्यवस्था और शांति व स्थिरता पर संभवतः विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। द्रमुक ने केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि उन्हें पार्टी संस्थापक सीएन अन्नादुरई द्वारा शुरू की गई स्वाभिमान विवाह (दोस्तों, बिना पुजारियों के परिवार द्वारा की जाने वाली) की प्रथा का पालन करना चाहिए।

विविधता में एकता एक उदाहरण

दुरईमुरुगन ने कहा कि विविधता में हमारी एकता दुनिया के लिए एक उदाहरण है और इसे संजोया व पोषित किया जाना चाहिए, न कि एकरूपता की झूठी बलि की वेदी पर चढ़ाया जाना चाहिए। तमिलनाडु में हिंदू 87 फीसदी, मुस्लिम छह फीसदी है और यहां सांप्रदायिक हिंसा लगभग न के बराबर है।

Hindustan Times

PUBLIC NOTICE

Dated: 13-07-2023

Caution to public at large against buying/dealing with the properties of the Partnership Firm(s) M/s Liberty Footwear Co. and M/s Liberty Group Marketing Division

It is brought to the notice of the Public at large that M/s Liberty Footwear Co., M/s Liberty Group Marketing Division, are registered partnership firms and are registered owner of the properties situated at 4/42 Punjabi Bagh New Delhi and 6/42 Punjabi Bagh New Delhi, respectively purchased vide sale deed No 3125 dt. 14.03.89 and 17490 dt. 15.11.95. Any Partner(s) of the above firms has neither any right nor any authorization to deal with these properties in any manner, like to create any third party right or interest or to mortgage, to create any encumbrance, take loan, enter into any agreement to sell or otherwise, sell or agreed to sell, Gift, to handover the possession / lease out or to transfer in any manner or to handover in any manner, of the above mentioned properties, except with the specific written consent of all the partners mentioned in the partnership deed of the above respective firm.

The public at large is further made aware that not to deal in any manner with the properties as mentioned above, if still any person, individual, group of people, firm, company and/or any concerns still opt to deal with the above properties in any manner as mentioned above without having specific written consent from all the partners then he/ they will be liable for both civil and criminal proceedings. Any such deal / transaction matured and/or having such intent shall not have any legal binding upon rights of the partners/firms/ properties. Such transaction shall be treated as transaction void ab initio. This notice relating to the above two properties is legally binding upon all the parties related/ concerning to the above properties either directly or indirectly.

Schedule of properties:--
1) 4/42, Punjabi Bagh New Delhi - 110026
2) 6/42, Punjabi Bagh New Delhi- 110026

For and on Behalf of
1) M/s Liberty Footwear Co.
Regd. Office : Central House, Railway Road, Karnal.
2) M/s Liberty Group Marketing Division
Regd. Office : Central House, Railway Road, Karnal.

नियोजित शिक्षक और निंदा प्रस्ताव पर हंगामा

बिहार

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने और निंदा प्रस्ताव वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इस कारण पहली पाली नौ मिनट और दूसरी 20 मिनट ही चली।

विधान परिषद में शोरशराबे के बीच ही जरूरी विधायी कार्य निपटाए गए। हालांकि, सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने निंदा प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं की और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने की नसीहत दी।

विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने और निंदा प्रस्ताव वापस लेने की मांग करने लगे। राजद के सुनील सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने गुंडागर्दी शब्द का उल्लेख किया। आसन को अंगुली दिखाई। यह सदन की मर्यादा के विपरीत है। जदयू के नीरज कुमार ने कहा कि जिन शब्दों का प्रयोग किया गया था, वह असंसदीय हैं।

Branded
T.SHIRT SALE
MEN, WOMEN & KIDS
Stock Added
upto 60% off
Introducing huge range of Shorts & Lowers
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

HCL TECHNOLOGIES LIMITED
Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 30 June 2023 (Unaudited)	Previous Year ended 31 March 2023 (Audited)	Three months ended 30 June 2022 (Unaudited)
Total income from operations	26,296	101,456	23,464
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	4,696	19,488	4,337
Net profit for the period before tax	4,696	19,488	4,337
Net profit for the period after tax	3,531	14,845	3,281
Net profit for the period after tax and non-controlling interest	3,534	14,851	3,283
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax)	3,823	16,152	3,324
Equity share capital (par value ₹ 2 each)		543	
Other equity		64,862	
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	13.05	54.85	12.13
Diluted (in ₹)	13.03	54.79	12.12

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 30 June 2023 (Unaudited)	Previous Year ended 31 March 2023 (Audited)	Three months ended 30 June 2022 (Unaudited)
Total income from operations	11,451	46,276	10,817
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	3,409	14,716	3,488
Net profit for the period before tax	3,409	14,716	3,488
Net profit for the period after tax	2,596	11,459	2,678
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax)	2,934	11,200	2,494
Equity share capital (par value ₹ 2 each)		543	
Other equity		40,561	
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	9.59	42.32	9.89
Diluted (in ₹)	9.57	42.27	9.89

Notes :
1. The consolidated and the standalone financial results for the three months ended 30 June 2023 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 12 July 2023. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.
2. The Board of Directors have declared an interim dividend of ₹ 10/- per share at its meeting held on 12 July 2023.
3. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

By the order of the Board of Directors
for HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra
Chairperson
DIN - 02346621

C. Vijayakumar
Chief Executive Officer and
Managing Director
DIN - 09244485

Prateek Aggarwal
Chief Financial Officer

Noida (UP), India
12 July 2023

HCL